-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 31.08.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द जी की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी बांदा की अध्यक्षता में पुलिस लाइन बांदा में प्रशासन एवं न्यायपालिका के मध्य मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का किया गया आयोजन।**

विवरण– आज दिनांक 31.08.2025 को पुलिस लाइन बांदा में राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द जी की जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जे. रीभा की अध्यक्षता में प्रशासन एवं न्यायपालिका के मध्य मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस मैच में न्यायपालिका टीम का नेतृत्व (कप्तान) श्री मुकेश कुमार सिंह (न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय) बांदा ने किया। उनके साथ अपर जिला जज (SC/ST) श्री विकास श्रीवास्तव, सेक्रेटरी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री पाल सिंह, सिविल जज (सी0डि0) श्रीमती अर्पिता सिंह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (रेलवे) श्री दिव्याकान्त सिंह राठौर, अपर सिविल जज श्री शिव शक्ति हर्षवर्धन, सिविल जज (जू0डि0) श्री पवन सिंह तोमर, सहित अन्य न्यायिक अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक टीम का नेतृत्व पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा (कप्तान) श्री राजेश एस ने किया। टीम में पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) श्री माया शंकर, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) श्री कुमार धर्मेन्द्र, नगर मजिस्ट्रेट श्री संदीप केला, डिप्टी कलेक्टर श्री इरफान उल्ला खां, उप जिलाधिकारी बांदा श्री नमन मेहता, उप जिलाधिकारी पैलानी श्री अंकित वर्मा, उप जिलाधिकारी अतर्रा श्री राहुल द्विवेदी, तहसीलदार पैलानी श्री राधेश्याम सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। अधिकारियों ने बेहतरीन खेल भावना का परिचय देते हुए दर्शकों का उत्साहवर्धन भी किया। रोमांचक मैच में ज्यूडीशियल इलेवन ने जिला प्रशासन इलेवन को 08 विकेट से पराजित कर प्रतियोगिता अपने नाम कर ली। टॉस जीतकर ज्यूडीशियल इलेवन ने पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। जिला प्रशासन इलेवन ने बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 16 ओवरों में 98 रन का लक्ष्य प्रस्तुत किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ज्यूडीशियल इलेवन ने शानदार बल्लेबाज़ी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 10 ओवरों में 8 विकेट से विजय प्राप्त कर मैच अपने नाम किया। दोनों टीमों ने खेल भावना और उम्दा कौशल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। ज्यूडीशियल इलेवन के श्री मुकेश कुमार सिंह (जनपद न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय) द्वारा प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए नॉटआउट 24 रनों की शानदार पारी खेली जिसके लिए उन्हे प्लेयर-ऑफ-द-मैच चुना गया। ज्यूडीशियल इलेवन के श्री राघवेन्द्र सिंह (आशुलिपिक न्यायालय) ने धारदार तेज गेंदबाजी करते हुए 02 महत्वपूर्ण विकेट झटके और टीम की जीत में अहम योगदान दिया जिसके लिए उन्हे बेस्ट बॉलर चुना गया। राष्ट्रीय खेल दिवस पर यह आयोजन खेलों के प्रति जागरूकता, आपसी सौहार्द और टीम भावना का प्रेरणादायी उदाहरण रहा। समापन समारोह में सहायक पुलिस अधीक्षक बांदा/क्षेत्राधिकारी नगर/लाइन सुश्री मेविस टॉक, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस श्री बेलास यादव सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।